भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. +1310
सोमवार, 06 दिसम्बर, 2021/15 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**बिहार में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना**

**+1310. श्री मच्छीला गुरुमूर्तिः**
**श्री चंद्रेश्वर प्रसादः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ग्रामीण जीवन में ग्रामीण लोगों की आय बढ़ाने की बड़ी संभावना को देखते हुए सरकार के पास ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने देश, विशेषकर आंध्र प्रदेश और बिहार में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए पर्याप्त निधि का निवेश किया है; और

(घ) यदि हां तो गत 3 वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय द्वारा देश में ग्रामीण पर्यटन को निश पर्यटन क्षेत्रों में से एक के रूप में विकास हेतु अभिज्ञात किया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने ग्रामीण पर्यटन के लिए एक मसौदा राष्ट्रीय रणनीति और रोडमैप तैयार किया है, जो अन्य विषयों के साथ-साथ पर्यटन के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को विकसित करने और बढ़ावा देने पर केंद्रित है, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में आय और रोजगार का सृजन होता है और स्थानीय समुदायों, युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाते हुए आत्मानिर्भर भारत के विजन को पूरा करता है।

देश में ग्रामीण पर्यटन की क्षमता को पहचानते हुए, पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिपथ को विकास हेतु 15 थीमैटिक परिपथों में से एक के रूप में अभिज्ञात किया गया है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों पर्यटकों को देश के ग्रामीण पहलुओं की एक झलक दिखलाने के लिए एक बल गुणक के रूप में पर्यटन का उपयोग करने का उद्देश्य र खता है । इस योजना के तहत विकास हेतु परियोजनाओं/ प्रस्तावों की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की

प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा देश में स्वदेश दर्शन योजना की ग्रामीण परिपथ थीम के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा नीचे दिया गया हैः-

| **राज्य/स्वीकृति वर्ष** | **ब्यौरा** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| बिहार<br>**2017-18** | गांधी परिपथः भितिहरवा- चन्द्रहिया- तुरकौलिया का विकास | 44.65 |
| केरल<br>**2018-19** | मलानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 80.37 |

स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में किसी भी परियोजना को मंजूरी नहीं दी गई है।

*******